पत्र सूचना शाखा

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

राज्यपाल ने दीपावली पर्व की बधाई दी

राज्यपाल दीपावली पर 11-12 बजे के बीच गणमान्य नागरिकों एवं वरिष्ठ अधिकारियों से राजभवन में भेंट करेंगे

लखनऊः 10 नवम्बर, 2015

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल, श्री राम नाईक ने प्रकाश पर्व दीपावली के शुभ अवसर पर समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई प्रेषित करते हुए उनकी सुख-समृद्धि हेतु मंगलकामना व्यक्त की है।

राज्यपाल ने अपने बधाई संदेश में कहा है कि दीपों का यह पर्व समृद्धि का प्रतीक है। दीपावली का पर्व सभी लोगों के जीवन में नई खुशी का संचार करे। उन्होंने कहा कि असली खुशी दूसरों के साथ अपनी खुशी बांटने में ही निहित है। हमें ऐसे पावन अवसरों पर अपने साथ उन्हें भी लेकर चलना चाहिए जो दुःखी तथा जरूरतमंद हों।

श्री नाईक ने कहा कि दीपावली पर्व भाई-चारे और सद्भाव के माहौल को मजबूत करता है। राज्यपाल ने अभिभावकों तथा बच्चों से विशेष रूप से अपील की है किस प्रकाश पर्व को ध्वनि पर्व न बनाये। ध्वनि प्रदूषण से वातावरण पर विपरीत प्रभाव पड़ता है। उन्होंने यह भी कहा है कि खतरनाक पटाखों से दूर रहें तथा पटाखे जलाते समय किसी भी अनहोनी के प्रति सावधानी अवश्य बरतें।

राज्यपाल इस पावन पर्व पर राजभवन में कल पूर्वान्ह 11:00 से 12:00 बजे तक गणमान्य नागरिकों तथा वरिष्ठ अधिकारियों से भेंट कर बधाई भी देंगे।